शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. अरूणाचलम) : (क) सरकार राजनैतिक दलों को नीतिगत निर्देशों के अनुसार वास आवंटित करती है। तथापि सार्वजनिक संस्थान सरकारी वास के पात्र नहीं है।

(ख) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी।

महात्मा गांधी की समाधि के लिए अधिगृहीत भूमि

2547. **श्री अनन्त राम जायसवाल** : **क्या शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महात्मा गांधी की समाधि और उसके परिसर के लिए कितने वर्ग-मीटर भूमि आवंटित की गई, और

(ख) स्वर्गीय प्रधान मंत्रियों तथा नेहरू-गांधी परिवार के सदस्य या सदस्यों की समाधियों और उनके परिसरों के लिए कितने-कितने वर्गमीटर भूमि आवंटित की गई ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. अरूणाचलम) : (क) और (ख) आवश्यक जानकारी नीचे दी गई है :–

क्र.सं.	समाधि का नाम	कुल क्षेत्रफल (वर्ग मी. में)	अभियुक्ति, यदि कोई हो
1.	राजघाट, महात्मा गांधी की समाधि	2,38,764.74	
2.	शान्तिवन, स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की समाधि	2,42,811.6	
3.	विजय घाट, स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री की समाधि	2,83,280.2	
4	शक्ति स्थल, स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की समाधि	2,42,811.6	
5.	किसान घाट, स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की समाधि	60,702.9	यह समाधि राजघाट परिसर के भीतर स्थित है और भूमि का कोई औपचारिक आवंटन अभी तक नहीं किया गया है।
6.	स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की समाधि	—	भूमि अभी तक आवंटित/तय नहीं की है।
7.	स्वर्गीय श्री संजय गांधी की समाधि	176.89	यह समाधि शांतिवन परिसर के भीतर स्थित है। कोई आवंटन नहीं किया गया है।